राजस्थान विश्वविद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत कुलपति प्रोफेसर राजीव जैन द्वारा स्नातकोत्तर विभागों का दौरा |

जयपुर 01 जुलाई | राजस्थान विश्वविद्यालय में आज 1 जुलाई से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई है | शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिन आज कुलपति प्रोफेसर राजीव जैन ने पीजी स्कूल ऑफ कॉमर्स, सामाजिक विज्ञान संकाय , व हूमिनिटिज भवनों में स्थित विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के साथ ही विज्ञान संकाय से जुड़े विभागों एंव प्रयोगशालाओं का दौरा कर आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया |

कुलपति ने इस दौरान संबंधित संकाय से जुड़े अधिष्ठाता, केंद्रों के निदेशकों सहित विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकों के साथ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक रूप से विचार विमर्श किया | अपने इस विचार विमर्श के दौरान कुलपति ने आवश्यक दिशा निर्देश भी केंद्रों के निदेशक व विभगाध्यक्षों को दिए, कुलपति विभागों में अंतिम वर्ष में अध्ययन करने वाले उपस्थित विद्यार्थियों से भी मिले व उनसे उनके अध्यापन की स्थिति के संदर्भ में सीधा संवाद किया |

उल्लेखनीय है कि राजस्थान विश्वविद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र से नई शिक्षा नीति में दर्शाए गए सुझावों के अनुसार पाठ्यक्रमों को तैयार किए जाने का कार्य प्रगति पर है, कुलपति ने पाठ्यक्रमों के निर्माण से जुड़ी आवश्यक जानकारियां भी इस दौरान शिक्षकों से प्राप्त की |